मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-399
18/08/2021

# मुख्यमंत्री ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के दौरे से पटना लौटने के पश्चात् हवाई अड्डे पर पत्रकारों से की बातचीत

पटना, 18 अगस्त 2021 :– कटिहार और पूर्णिया के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के दौरे से पटना लौटने के बाद हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि कटिहार और पूर्णिया जिले के कुछ इलाकों का हमने दौरा किया है। पूरे इलाके का हवाई सर्वेक्षण किया और वहॉ दो जगहों पर लोगों से मिलकर उनसे बात भी की है। वहां जो व्यवस्था की गई है, उसे भी हमने देखा। हम लोगों की बातों को सुनते हैं, उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। इस बार गंगा नदी का जलस्तर बढ़ा है, उसी के चलते बहुत जगहों पर नुकसान हुआ है।

पत्रकारों द्वारा राहत पैकेज के संबंध में पूछे गये सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तो बाढ़ प्रभावित लोगों को रहने की व्यवस्था करने के साथ–साथ उनकी मदद की जा रही है। फसल की जो क्षति हुई है या खेती में जो नुकसान हुआ है, उसके लिये भी काम करना है। बाढ़ से हुयी क्षति को लेकर केन्द्र से की जाने वाली मॉग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग तो अपनी तरफ से मॉग करते ही हैं। 2007 से ही हमलोगों ने सारी पॉलिसी बना दी है, उसको और बेहतर करते हुए हर किसी को सहायता करते हैं। मवेशियों के लिये भी हमलोग व्यवस्था कर रहे हैं। उनके रहने का भी इंतजाम किया गया है, चारे की व्यवस्था की गई है। ये हमलोगों का प्रावधान है।

पंचायत चुनाव की घोषणा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत चुनाव के बारे में निर्णय हो गया है। केन्द्र सरकार की तरफ से जातीय जनगणना को लेकर पत्र का जवाब मिलने के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके संबंध में खबर मिल जायेगी।

******